हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 18 मार्च 2026

11 महिला को संतों के चरण नहीं छूने चाहिए, हाथ जोड़कर...



12 लुधियाना के लिए चलने वाली ट्रेन को अमृतसर...



**खबर संक्षेप**

### गुजवि में रक्तदान शिविर आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से 18 मार्च को विश्वविद्यालय के शिक्षण खंड-7 में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा कुलसचिव डॉ. विजय कुमार की उपस्थिति में किया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. अंजु गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-4 के तत्वावधान में किया जा रहा है।

### नगर निगम ने पकड़े 29 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने अर्बन एस्टेट-2, सूर्य नगर, शिव कॉलोनी, बीएचपी कॉलोनी, प्रेम नगर क्षेत्र से 29 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। जिनमें 26 गाय, 2 नदीं, 1 बछड़ी को पकड़ा। सभी पशुओं को गो-अभ्यारण भेज दिया गया है। इस दौरान एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी थी।

### नवरात्र पर गीता भवन में राम कथा कल से

**हिसार।** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा के संस्थापक ब्रह्मलीन डॉ. बृज मोहन फिदा जी महाराज के आशीर्वाद से रामपुरा मोहल्ला स्थित गीता भवन में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में 19 मार्च से 27 मार्च तक संगीतमय राम कथा का आयोजन किया जाएगा। संस्था की प्रधान उषा बख्शी ने बताया कि 19 मार्च से 26 मार्च तक नित्य प्रति सायं 4 से 6:30 बजे तक प्रवचन होंगे। 27 मार्च को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 :30 बजे तक रामायण पाठ का भोग व भजन संकीर्तन होगा। समापन पर प्रसाद वितरित किया जाएगा। सभा के सचिव कृष्ण शर्मा, उपप्रधान कृष्ण महता व कोषाध्यक्ष धर्मबीर ग्रोवर ने बताया कि राय बरेली से कथा व्यास कविता कांत बाजपेयी रामायणी रोजाना प्रवचन देंगे। संकीर्तन के दौरान भजन गायक सुमित मित्तल, जितेश राखा व शुभम अरोड़ा भजनों की वर्षा करेंगे।

### शनिदेव मंदिर का वार्षिक महोत्सव व भंडारा 28 को

**हिसार।** पुरानी सब्जी मंडी चौक के निकट स्थित ढाणी बड़वाली के शनिदेव मंदिर का 17वां वार्षिक महोत्सव व भंडारा 28 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस सम्बंध में मंदिर की श्रीशनिदेव सेवा समिति की बैठक प्रधान महाबीर सैनी की अध्यक्षता में हुई जिसमें वार्षिक महोत्सव मनाने बारे विचार विमर्श कर रुपरेखा तय की गई। बैठक में समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। मंदिर समिति के सचिव रामबीर सैनी ने बताया कि महोत्सव के दिन हवन, तेलाभिषेक, कन्या पूजन व भंडारा आदि कार्यक्रम होंगे।

### हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव 29 मार्च से

**हिसार।** रामभक्त हनुमान मंदिर समिति, गली नम्बर-2 जवाहर नगर के 31वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में 29 मार्च से 2 अप्रैल तक संगीतमय श्रीराम कथा व हनुमान कथा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज वृंदावन के कृपापात्र पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानंद महाराज के सान्निध्य में भजन, सत्संग व प्रवचन होंगे। पहले दिन प्रातः 9 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के बाद 9:30 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 29 मार्च से 1 अप्रैल तक सायं 4 से 7 बजे तक रोहतक से कथा व्यास अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवताचार्य श्रीराम निरमोही प्रवचन देंगे। हिसार के भजन सम्राट डॉ. मोहन तनेजा रोजाना भजनों की वर्षा करेंगे।

## ड्रोन टेक्नोलॉजी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित

# गुजवि में स्वदेशी तकनीक से बनेंगे ड्रोन, शुरू होगा पायलट कोर्स

- कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने ड्रोन तकनीक बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अब ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में राष्ट्र के लिए अग्रणी योगदान देगा। विश्वविद्यालय पूर्णतया स्वदेशी तकनीक से ड्रोन विकसित करेगा। गुजवि का यह योगदान न केवल देश के रक्षा क्षेत्र में बल्कि कृषि, उद्योग, चिकित्सा, यातायात, निगरानी और अन्य संबंधित क्षेत्रों में भी भारत की अभूतपूर्व सफलता का आधार बनेगा। विश्वविद्यालय ने 'ड्रोन टेक्नोलॉजी-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किया है। साथ ही गुजविप्रौवि ने भारतीय सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान तथा नाभास्त्र प्राइवेट लिमिटेड (विशाखापत्तनम तथा करनाल) के साथ एमओयू भी साइन किए हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि वर्तमान में हम देख रहे हैं कि ड्रोन टेक्नोलॉजी ने रक्षा एवं निगरानी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला दिए हैं। वैश्विक स्तर पर ड्रोन टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह अत्यंत आवश्यक है कि विशेषकर रक्षा क्षेत्र में प्रयोग हो रहे ड्रोन ऐसी टेक्नोलॉजी से बने होने चाहिए तो पूर्णतः स्वदेशी हों। विश्वविद्यालय में स्थापित हो रहा ड्रोन टेक्नोलॉजी-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस देश की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगा।

### विवि तैयार करेगा कुशल ड्रोन पायलट

विश्वविद्यालय में स्थापित हो रहे 'ड्रोन टेक्नोलॉजी-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' तथा संबंधित विभागों में आगामी शैक्षणिक सत्र से रोजगार उन्मुख नए पाठ्यक्रम भी आरंभ किए जाएंगे। विश्वविद्यालय ड्रोन पायलट कोर्स आरंभ करेगा। इसके माध्यम से कुशल ड्रोन पायलट तैयार किए जाएंगे। ये पायलट हर परिस्थिति में ड्रोन को उड़ाने तथा अपने टारगेट को साधने के लिए प्रशिक्षित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय में ड्रोन पायलट का कोर्स करने वाले युवा 'ड्रोन पायलट' का प्रमाण पत्र तथा डीजीसीए से अनुमोदित लाइसेंस भी ले सकेंगे। विश्वविद्यालय के ड्रोन टेक्नोलॉजी से संबंधित कोर्स युवाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार के नए द्वार खोलेंगे। विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा एविएशन से संबंधित कोर्स पहले ही आरंभ किए जा चुके हैं।

### सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान के साथ मिलकर करेंगे शोध



कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि गुजवि का भारतीय सेना की दक्षिण पश्चिमी कमान (सप्त शक्ति) के साथ एमओयू इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस एमओयू का उद्देश्य रक्षा तकनीक विशेषकर ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में मिलकर शोध एवं विकास करना है। यह एमओयू भविष्य के युद्धों के लिए जरूरी नवाचारों को बढ़ावा देने में सहायक होगी। इस एमओयू ये गुजवि को रक्षा से संबंधित देश की जरूरतों को समझने में भी मदद मिलेगी।

### एमओयू हरियाणा सरकार की ड्रोन टेक्नोलॉजी नीति के अनुरूप

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय ने नाभास्त्र प्राइवेट लिमिटेड (विशाखापत्तनम तथा करनाल) के साथ ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं मशीन लर्निंग तथा एयरोस्पेस के क्षेत्र में शोध, प्रशिक्षण, नवाचार और अन्य संबंधित सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए एक एमओयू किया है। यह एमओयू हरियाणा सरकार की ड्रोन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने की नीति के अनुरूप एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौते के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में डीजीसीए दिशा-निर्देशों के अनुसार डीजीसीए अनुमोदित रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (आरपीटीओ) भी स्थापित किया जाएगा।

## महिला की हत्या के मामले में पुलिस व परिजनों के बीच दिनभर चला विवाद

# पहले पोस्टमार्टम और फिर अंतिम संस्कार नहीं करने पर अड़े परिजन

- देर सायं एएसपी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को मनाया
- विसरा जांच के लिए भेजा, आज होगा मृतका का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सदर क्षेत्र में चार दिन से लापता महिला की हत्या मामले में दिनभर पुलिस व परिजनों के बीच विवाद की स्थिति रही। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में परिजनों व सामाजिक संगठनों ने मांगें पूरी होने तक मृतका का पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया वहीं बाद में आरोपियों की गिरफ्तारी व पति को सरकारी नौकरी की मांग पर अड़ गए। दिनभर डीएसपी सुनील कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी परिजनों को समझाते रहे, तब जाकर दोपहर को पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार दिया। देर सायं एएसपी मयंक मुदगिल मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत करके उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों का मृतका का अंतिम संस्कार करने के लिए मनाया। गौरतलब है कि सदर क्षेत्र में पुलिस ने चार दिन से लापता महिला का शव गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज भिजवाया था। मंगलवार को पोस्टमार्टम होना था, लेकिन परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और महिला के पति के लिए सरकारी नौकरी की मांग उठाई। विवाद की सूचना पर डीएसपी सुनील कुमार, अग्रोहा थाना प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो आएगा, उसके आधार पर कार्रवाई कर दी जाएगी, पोस्टमार्टम के बिना कुछ भी कहना या करना संभव नहीं है। काफी बहस के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। उनकी सहमति के बाद तीन चिकित्सकों की टीम ने महिला का पोस्टमार्टम किया। बताया जा रहा है कि पोस्टमार्टम के दौरान महिला के सिर, छाती व पैरों पर चोट के निशान मिले हैं। इसके बाद अंतिम संस्कार के मसले पर परिजन फिर उखड़ गए। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे और पति को सरकारी नौकरी व आर्थिक सहायता नहीं मिलेगी, वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। इसके बाद फिर बातचीत का दौर चला। सूचना मिलने पर एएसपी मयंक मुदगिल भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब देर सायं परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए।



हिसार। अग्रोहा मेडिकल में परिजनों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी।

### आरोपी ने कबूल की ये बातें

उधर, दो दिन के रिमांड पर चल रहे अर्दली बालेश्वर कुजूर ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि महिला समय से पहले जाने की जिद कर रही थी। उसको जाने से रोका था, ऐसे में उसका सिर पलंग से टकरा गया और सिर में चोट लगने से वह जमीन पर गिर गई। फिर गुस्सा आने पर महिला की छाती पर कई बार मुक्के मारे। उसके बाद उसके शव को जमीन में दफना दिया था। पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि महिला की तीन से चार पसलियां टूटी हुई हैं और सिर पर चोट का निशान भी हैं।

### ये था पूरा मामला

बता दें कि सदर क्षेत्र की एक कॉलोनी में काम करने वाली महिला चार दिन से लापता थी और सोमवार को उसका शव एक गड्ढे से बरामद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में सेना के एक अर्दली को गिरफ्तार करके उसे दो दिन के रिमांड पर ले रखा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने महिला के हाथ बांधकर उसे अपने क्वार्टर के पीछे पार्क के पास झाड़ियों के पास जमीन में दबा दिया था।

### चार साल से कर रही थी काम

मृतका के भाई ने बताया कि उसकी बहन की शादी करीब सात साल पहले हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। वह पिछले चार वर्षों से सदर क्षेत्र की एक कॉलोनी में काम कर रही थी। जिस घर में वह काम करती थी। मृतका के पति ने रेप के बाद हत्या की आशंका जताई है। पति के अनुसार उसकी पत्नी एक घर में सफाई और खाना बनाने का काम करती थी। शिकायत के अनुसार घटना वाले दिन सुबह 9 बजे काम पर जाने के बाद वह घर लौटी थी, लेकिन दोपहर करीब 12 बजे उसे खाना लेकर आने के बहाने बुलाया गया, जिसके बाद वह वापस नहीं आई। काफी तलाश के बाद 12 मार्च को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी।

### अंतिम संस्कार पर बनी सहमति

जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि देर सायं परिजनों से हुई बातचीत के बाद अंतिम संस्कार पर सहमति बन गई है। फिलहाल परिजनों से जो बातचीत हुई है, उसके अनुसार बुधवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विसरा रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण व परिजनों के आरोप के अनुसार दुष्कर्म की पुष्टि हो पाएगी।

## ट्रक ने तीन साल की बच्ची को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

क्षेत्र में खेड़ी चौपटा-कापड़ो रोड पर मंगलवार को हुए सड़क हादसे में तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन सहित मौके से फरार हो गया। बच्ची को तुरंत हांसी के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

मरने वाली बच्ची की पहचान कापड़ो गांव में भट्ठे पर काम करने वाले परिवार की तीन वर्षीय पिंकी के रूप में हुई है। उसका पिता बिहार के गया जिले के गांव पथरकाटी निवासी सोनू मांझी भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। बच्ची के पिता सोनू मांझी ने बताया कि मंगलवार को कुछ बच्चे ईंट भट्ठे के पास नारनौंद-उचाना रोड की तरफ खेल रहे थे। खेलते समय पिंकी सड़क की ओर चली गई। इसी दौरान, खेड़ी चौपटा की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने पिंकी को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की टक्कर से बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना देखकर अन्य बच्चे घबरा गए और चिल्लाने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास काम कर रहे मजदूर और अन्य लोग तुरंत मौके पर पहुंचे।

हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया था। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। खेड़ी चौपटा पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर हांसी के नागरिक अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मृतक बच्ची के पिता के बयान दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों व अन्य सुरागों के आधार पर आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही है।

# समीक्षा बैठक में न आने पर नप ईओ व सचिव को शोकॉज नोटिस

- डीसी ने सख्ती दिखाते हुए 2 दिन में जवाब देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल ने मंगलवार को जिला सचिवालय परिसर में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) एवं सचिव के अनुपस्थित रहने पर उनके खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीसी डॉ नरवाल ने दोनों अधिकारियों को 2 दिन के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं और स्पष्ट किया है कि संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

डीसी डॉ. राहुल नरवाल ने बताया कि प्रशासन द्वारा नगर परिषद के कार्यों की नियमित समीक्षा एवं शहर में साफ-सफाई, विकास कार्यों तथा जन सुविधाओं की निगरानी के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह एक निर्धारित बैठक आयोजित की जाती है। इन बैठकों में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है, ताकि कार्यों की प्रगति का सही आकलन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा सके। उन्होंने कहा कि मंगलवार को आयोजित बैठक में नगर परिषद के ईओ एवं सचिव बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जो कि प्रशासनिक कार्यों के प्रति गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। बैठक में नगर परिषद की ओर से केवल सफाई निरीक्षक ही उपस्थित रहे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में गंभीरता नहीं बरत रहे हैं। डीसी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि शहर में साफ-सफाई व्यवस्था, विकास कार्य और नागरिक सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित हों। इसके लिए अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बार काउंसिल चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों पर कड़े किए सुरक्षा प्रबंध

**हिसार।** पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल चुनाव के मद्देनज़र पुलिस की ओर से चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न करवाने के लिए व्यापक एवं पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला में कुल पांच मतदान केंद्र (बूथ) स्थापित किए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों की निगरानी के लिए डीएसपी मुख्यालय कमलजीत को पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनके साथ 7 पुलिस कर्मियों का बल तैनात रहेगा।

इसके अतिरिक्त सहायक पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में इंस्पेक्टर कपिल को नियुक्त किया गया है, जिनके साथ 6 पुलिस कर्मियों का बल मौजूद रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत बूथ नंबर 1 से 4 तक कुल 4 एनजीओ, 12 सिपाही एवं 4 महिला सिपाही तैनात किए गए हैं, जो मतदान प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्क रहेंगे।

# हांसी में करोड़ों की जमीन पर कब्जे का प्रयास रातोंरात खड़ी की रेडिमेड दीवार, 28 पर केस

- सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने दीवार तुड़वाकर हटवाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जवाहर नगर स्थित में एक प्लाट पर अवैध कब्जे का प्रयास किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने रात के अंधेरे में प्लाट पर निकाली गई पुरानी दीवार तोड़कर नई सीमेंट की दीवार खड़ी कर प्लाट पर कब्जा कर लिया। शहर थाना पुलिस ने प्लाट धारक विजय बंसल की शिकायत के आधार पर मय्यड़ के अजय, सोनू और मोनू सहित 28 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विजय बंसल ने कहा है कि उनके पिता अर्जन दास खांडा वाला और उनके साझेदारों ने वर्ष 1959 में हांसी में करीब साढ़े 9 एकड़ क्षेत्र में जवाहर नगर नामक एक अनुमोदित कॉलोनी विकसित की थी। बंसल के अनुसार अधिकांश भूमि बिक चुकी है, लेकिन मुख्य सड़क पर स्थित एक प्लाट अभी भी उनके स्वामित्व में है। शिकायत में कहा गया है कि 15 मार्च की सुबह मय्यड़ निवासी अजय अपने दोस्तों के साथ जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर प्लाट पर पहुंचा और वहां बनी ईंटों की बनी पुरानी दीवार को तोड़ने लगा। अजय द्वारा उनके प्लाट पर बनी दीवार को तोड़ने की सूचना मिलने पर अनाज मंडी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। और पुलिस ने दीवार तोड़ रही जेसीबी मशीन को रुकवा कर दोनों पक्षों को अनाज मंडी चौकी बुलाया और कागजात की जांच की। दोनों पक्षों को अपने विवाद को कोर्ट में हल करवाने के निर्देश दिए। डीएसपी विनोद शंकर ने बताया कि विजय बंसल की शिकायत के आधार पर अजय, सोनू व मोनू सहित 20-25 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 324 (5), 190, 191(2) और 329 (3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कोर्ट के माध्यम से विवाद सुलझाने की दी सलाह

अनाज मंडी पुलिस चौकी में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को प्लाट में किसी भी प्रकार के निर्माण या कार्रवाई करने की बजाए यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश देते हुए दोनों पक्षों को अपने विवाद को अदालत के माध्यम से सुलझाने की सलाह दी। इसके बावजूद आरोप है कि अजय अपने दोस्तों के साथ उसी रात 11 बजे के बाद दोबारा प्लाट पर पहुंचा और बनी पुरानी दीवार को गिराकर रात में सीमेंट की नई रेडीमेड दीवार खड़ी कर प्लाट पर कथित तौर पर कब्जा कर लिया। लेकिन सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच प्लाट पर बनाई गई रेडीमेड दीवार को गिरा कर प्लाट को पुनः कब्जा मुक्त करवा दिया।

## समितियों के पास 283 पार्क, आवेदन के आधार पर 40 प्रतियोगिता में शामिल

# समितियों ने नहीं दिखाई निगम की पार्क प्रतियोगिता में रुचि

**शहर में 30 बड़े, 193 छोटे और 60 मध्यम आकार के पार्क, मेयर पोपली ने 19 पार्कों का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम की ओर से पार्क को साफ सुथरा बनाए रखने व पार्क समितियों को प्रोत्साहित करने के लिए पार्क प्रतियोगिता करवाई जाती है, लेकिन पार्क समितियों इस प्रतियोगिता के प्रति रूचि नहीं ले रही है। ऐसा नगर निगम के पास प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आए आवेदनों से साफ पता चला है।

पार्क समितियों को नगर निगम क्षेत्र के कुल 283 पार्क दिए हुए। निगम का कहना है कि इन पार्कों को तीन वर्गों में बांटा जाएंगा जिनमें 30 बड़े पार्क, 193 छोटे पार्क और 60 मीडियम पार्क शामिल है। प्रतियोगिता भी उसी आधार पर की जा रही है। अब 40 पार्कों को आवेदन के आधार पर प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। तीन वर्गों में अव्वल आने वाले पार्कों का प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। नगर निगम की ओर से करवाई जा रही पार्क प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 40 पार्क समितियों ने आवेदन किया है। निगम सूत्रों का कहना है कि पार्क समितियों को समय पर पैसे न मिलने की वजह से समितियां इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने के प्रति उत्साह नहीं दिखा रही है। पार्क प्रतियोगिता के तहत मेयर प्रवीण पोपली ने मंगलवार को आवेदन करने वाले पार्कों का निरीक्षण किया। अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक, एमई सुनील लांबा, जेई सुमित तथा सुपरवाइजर नरेंद्र श्योराण भी थे। मेयर ने निरीक्षण करते हुए मौजूदा पार्कों में साफ-सफाई, फूलधार पौधे, पक्षियों के लिए स्थान, घास, रख-रखाव, नर्सरी, फाउटेंन, फूटपॉथ, झूले व जिम आदि जांचे। निरीक्षण के दौरान मेयर के साथ निर्णायक मंडल के सदस्य व पार्षद नवीन, पार्षद डॉ. सुमन यादव, पार्क समिति के प्रधान व सदस्य और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



हिसार। पार्क का निरीक्षण करते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य।

### इन पार्कों का किया निरीक्षण

इस दौरान निर्णायक मंडल ने एकता पार्क प्रेम नगर, मधुसूदन पार्क प्रीति नगर, शहीद भगत सिंह पार्क सूरजमल एनक्लेव, सेठी पार्क मॉडल टाउन, सेंट्रल पार्क मॉडल टाउन, मॉडल पार्क सेक्टर 9-11, शिवालिक पार्क सेक्टर 9-11, नीलकंठ पार्क सेक्टर 9-11, श्री हनुमान मंदिर पार्क सेक्टर 9-11, श्री श्याम पार्क सेक्टर 9-11, सद्भावना पार्क सेक्टर 13, मॉडल पार्क सेक्टर 13, कृष्णा कावेरी पार्क सेक्टर 13, यमुना पार्क सेक्टर 16-17, गंगा पार्क सेक्टर 16-17, अरावली पार्क सेक्टर 16-17, सैनिक पार्क सेक्टर 16-17, मॉडल पार्क सेक्टर 16-17, शांति त्रिवेणी पार्क सेक्टर 16-17 व जय हिंद पार्क सेक्टर 16-17 शामिल है।

## पुलिस ने पकड़ी बाइक, नंबर प्लेट व इंजन-चेसिस नंबर भी मिले फर्जी

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार सुबह बस स्टैंड के सामने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध बाइक जब्त की है। पकड़ी गई बाइक पर लगी नंबर प्लेट की जांच में बाइक के इंजन, चेसिस और रजिस्ट्रेशन नंबर अलग-अलग पाए गए। बस स्टैंड चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी नियमित वाहन चेकिंग कर रहे थे। की इसी दौरान देवीलाल मार्केट के गेट के पास खड़ी एक बाइक पर उनकी नजर पड़ी। इस पर पुलिस कर्मी उस ओर जाने लगे तो बाइक के पास खड़े दो युवक पुलिस को देखकर बाजार की ओर जाने लगे। शक के आधार पर जब बाइक की जांच की गई तो नंबर प्लेट फर्जी मिली। जब दोनों युवकों से बाइक के कागजात मांगे तो उन्होंने बाइक को अपना मानने से इनकार कर दिया। इस पर पुलिस ने तुरंत एवीटी स्टाफ को सूचना दी और एवीटी जांच में बाइक का इंजन,चेसीस व नंबर पर लगे नंबर अलग-अलग मिले हैं। जिस पर पुलिस ने बाइक के पास खड़े युवकों को ढूंढने का प्रयास किया। प्रारंभिक जांच में वे महम क्षेत्र के पट्टी समैण गांव के बताए गए हैं। पुलिस ने शक के आधार पर एक युवक को काबू कर उससे पूछताछ कर रही है। फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक पकड़ने में एसआई राजेश, एचजीएस सुनील, एसपीओ रणबीर और शहर पुलिस में तैनात दिनेश की अहम भूमिका रही।



## द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।



लाइफ Style

# तमन्ना

## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

हॉलीवुड मसाला



## ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



## ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रियंका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



## फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



## तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

टीवी मसाला



## '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

### दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव


**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।



## सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

## आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली



पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

### पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

*__इंपरफेक्ट वुमन :__ 'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

*__रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :__ 'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

*__अमोर एनिमल :__ वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना गिलकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

## खबर संक्षेप

### विजेन्द्र सिंह प्रधान और राज कुमार उपप्रधान बने

**हिसार।** हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़े वर्ग कर्मचारी यूनियन के 36वें द्विवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन में विजेंद्र सिंह बराड़ को राज्य प्रधान चुना गया है। एडहॉक कमेटी की अध्यक्षता में श्री गुरु रविदास धर्मशाला सफीदों रोड जींद में हुए सम्मेलन में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। हिसार से राज कुमार माहला को वरिष्ठ उप प्रधान, राजेश सिरोही को महासचिव, विजेंद्र भाटिया को राज्य मुख्य संगठक, मंजीत धनिया को अतिरिक्त राज्य महासचिव की जिम्मेदारी दी गई।

### चाय की दुकान से गैस सिलेंडर चोरी

**हिसार।** गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच दिल्ली हाइवे पर एक दुकान से गैस सिलेंडर समेत अन्य सामान चोरी हो गया। वारदात रविवार की रात हुई और सोमवार की सुबह पता चला। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गांव रायपुर निवासी रामेश्वर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दिल्ली हाइवे पर रायपुर चौक के पास चाय की दुकान है।

### भाजपा का लोकतंत्र में विश्वास नहीं : सिहाग

**हिसार।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा पर लोकतंत्र की मर्यादाओं को तार-तार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के आंकड़ों से साफ था कि कांग्रेस और भाजपा दोनों को एक-एक सीट मिलनी तय है। इसके बावजूद भाजपा ने तीसरा प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा और सत्ता व धन बल के सहारे कांग्रेस प्रत्याशी कर्मवीर बौद्ध को हराने का प्रयास किया।

### कोहली गोशाला में श्रीकृष्ण जन्म पर झूमें श्रद्धालु

**आदमपुर।** गांव कोहली स्थित श्रीकृष्ण नंदी गोशाला में चल रही श्रीमद्भागवत गो कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य दिनेशानंद महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की पावन कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है, तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनते ही पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया।

### चेयरमैन ने किया सफाई कर्मचारियों से संवाद

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में मंगलवार को हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह ने जिले के सभी उपमंडलों से आए सफाई कर्मचारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में 162 मरीजों की जांच

**हांसी।** चार कुतुब गेट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को विशेष आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सर्जन डॉ. अभिषेक खत्री द्वारा मरीजों का विशेष स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर के दौरान मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न सेवाएं प्रदान की गईं तथा उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया गया। एसएमओ डॉ राहुल बुद्धि राजा ने बताया कि शिविर में 162 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया।

### मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा 20 को

**आदमपुर।** आसपास के भक्तों के लिए शुक्रवार 20 मार्च से चार दिवसीय मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व मुकेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु मथुरा व वृंदावन के मंदिरों के अलावा गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव व कोकिलावन में शनि मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके अलावा 27 मार्च को मां वैष्णों देवी, अमृतसर के लिए बस रवाना होगी।

## उकलाना के गीता भवन में दो दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

# महिलाओं को संतों के चरण नहीं छूने चाहिए : सदानंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

श्री कृष्ण प्रणामी मिशन के प्रमुख डॉ. सदानंद महाराज ने कहा कि महिला को संतों के चरण नहीं छूने चाहिए, उन्हें हाथ जोड़कर आशीर्वाद लेने चाहिए। डॉ. सदानंद महाराज मंगलवार को गीता भवन में दो दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के मौके पर श्रद्धालुओं को प्रवचन दे रहे थे। कथा के प्रथम दिन उन्होंने धर्म, मातृशक्ति और संस्कारों पर विस्तार से विचार रखे।

■ कथा के प्रथम दिन उन्होंने धर्म मातृशक्ति और संस्कारों पर विस्तार से विचार रखे

उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास जैसा संत न पहले हुआ और न ही भविष्य में होगा। मातृशक्ति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि महिला ही धर्म और कर्म को जीवित रखने वाली है तथा सृष्टि संचालन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. सदानंद महाराज ने कहा कि किसी भी महिला को अपने पति के अलावा किसी संत या शंकराचार्य के चरण छूकर आशीर्वाद लेने की आवश्यकता नहीं है। संतों से आशीर्वाद हाथ जोड़कर ही लेना चाहिए, यही मर्यादा उचित है। उन्होंने पौराणिक उदाहरण देते हुए अनुसूया की कथा का उल्लेख किया और कहा कि ऐसी पतिव्रता महिलाओं ने देवताओं तक को बालक बना दिया था। ऐसी महान मातृशक्ति को नमन करना चाहिए।



उकलाना। आरती करते श्री कृष्ण प्रणामी मिशन के प्रमुख डॉ. सदानंद महाराज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### अभिमन्यु की वीरता को दर्शाया

गर्भावस्था को लेकर उन्होंने विशेष रूप से कहा कि इस दौरान महिलाओं को फिल्म या मनोरंजन की बजाय धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन और सत्संग श्रवण करना चाहिए, जिससे होने वाली संतान में अच्छे संस्कार और धर्म के प्रति आस्था विकसित होती है। उन्होंने अभिमन्यु का उदाहरण देते हुए बताया कि उसने गर्भ में ही चक्रव्यूह की जानकारी प्राप्त कर ली थी।

इस अवसर पर जगदीश गोयल, श्याम सुंदर बंसल, सुगन गोयल, सतीश गोयल, सतनारायण बंसल, भीम गर्ग सुशील सिंगला अमित गोयल, रामकुमार, राजकुमार गर्ग, अशोक गर्ग, अर्जुन देव खुराना सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## श्री राम के जयकारों से गूंजा पूरा पंडाल

### सुंदरकांड पाठ से शुरू हुआ हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव



हिसार। हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान सभा के सदस्य सुंदरकांड पाठ करते हुए।

**हिसार।** ऋषि नगर स्थित हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान का 70वां वार्षिक महोत्सव व हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत 2083 मंगलवार की सायं सुंदरकांड पाठ से शुरु हुआ। मंदिर के सेवादारों ने बड़े भाव व श्रद्धा से पाठ का उच्चारण किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पाठ में भाग लेकर हनुमानजी के दरबार में माथा टेका। पाठ से पूर्व भजन भी गाए गए। मंच से बताया गया कि सुंदरकांड रामचरित मानस का हिस्सा है जो बजरंगबली को समर्पित है। हिंदू धर्म में रामचरितमानस का विशेष महत्व है और उसके सुंदरकांड अध्याय को अत्यंत शुभ और शक्तिशाली माना जाता है। सुंदरकांड पाठ श्रीराम कथा का वह भाग है जिसमें भगवान हनुमान की वीरता, भक्ति और बुद्धिमत्ता का अद्भुत वर्णन है। इस अवसर पर मंदिर सभा के प्रधान राजकुमार सेतिया, महासचिव सुभाष (टीनू) आहूजा, कोषाध्यक्ष अशोक ग्रोवर, उपप्रधान डॉ. अमर ठकराल, लीगल एडवाइजर एडवोकेट रवि महता, भंडारा इंचार्ज मनोज नागपाल, कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र बजाज, जगदीश गांधी, बिटू तनेजा, शुभम वलेचा, अभय बजाज, विनोद रहेजा आदि रहे।



बरवाला। गांव घिराय में गंदे नाले की पाइपलाइन के लिए मौके पर आई पाइप।

## विरोध कर वापस लौटाए मजदूर

### गंदे नाले की पाइपलाइन से जोड़ने पर भड़के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

गांव घिराय में बरवाला से गंदे नाले की पाइपलाइन जोड़ने की कोशिश के खिलाफ मंगलवार को गांव पहुंचे पाइपों का ग्रामीणों ने विरोध कर दिया और साफ तौर पर कहा कि गांव घिराय की जमीन पर जबरन कोई काम नहीं होने दिया जाएगा।

मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे बरवाला से गंदे नाले की पाइपों से भरी एक गाड़ी घिराय गांव के मैरिज पैलेस के पास पहुंची। जैसे ही इसकी सूचना ग्रामीणों को मिली, काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और गाड़ी को घेर लिया। ग्रामीणों ने मौके पर मौजूद मजदूरों को गाड़ी से पाइप उतारने से सख्ती से रोक दिया और साफ शब्दों में कहा कि किसी भी हालत में यह पाइपलाइन गांव में नहीं डाली जाएगी। गुस्साए ग्रामीणों के बढ़ते विरोध को देखते हुए गाड़ी में पाइप दोबारा लोड करवा दिए और वाहन को वापस बरवाला की ओर भेजना पड़ा। ग्रामीणों का दावा है कि बरवाला रोड पर एक आश्रम के पास सड़क किनारे काम शुरू होने की जानकारी है, जिससे लोगों में रोष और बढ़ गया है। गांव घिराय की जमीन पर जबरन कोई काम नहीं होने दिया जाएगा।

**प्रशासन को दो टूक**

गुस्साए ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि जबरदस्ती पाइपलाइन डालने की कोशिश की गई या इससे कोई हादसा हुआ तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना सहमति के कोई भी कार्य शुरू किया गया तो गुस्साए ग्रामीणों द्वारा सरकार और प्रशासन के खिलाफ कडा रूख अख्तियार किया जाएगा।

## योग अभ्यास कर दिया भक्ति, आनंद और आत्मिक शांति का परिचय

**हांसी।** आर्ट ऑफ लिविंग के सेंटर श्रद्धा में संस्था की सीनियर टीचर श्वेता जैन के सान्निध्य में आयोजित चार दिवसीय हैप्पीनेस (बेसिक) कोर्स मंगलवार को सम्पन्न हो गया। हैप्पीनेस शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के जीवन में एक नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का संचार हुआ। कोर्स के दौरान वातावरण में भक्ति, आनंद और आत्मिक शांति की अद्भुत अनुभूति देखने को मिली।

सीनियर टीचर श्वेता जैन का जीवन स्वयं कर्मयोग का प्रेरणादायक उदाहरण है। वे प्रतिदिन निस्वार्थ सेवा, साधना और सत्संग में समर्पित रहती हैं। सुबह साढ़े 5 बजे महिलाओं के लिए योग एवं ध्यान कक्षा लेना, उसके पश्चात अपने पारिवारिक दायित्व निभाते हुए विद्यालय में अध्यापन करना, और शाम को घर-घर जाकर ध्यान, सत्संग एवं श्रीमद्भगवद् गीता का ज्ञान साझा करना उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है। मात्र 6 घंटे की नींद के बावजूद उनका अधिकांश समय समाज सेवा और आध्यात्मिक उत्थान में समर्पित रहता है।



हांसी। हैप्पीनेस शिविर में योगाभ्यास करती महिलाएं फोटो : हरिभूमि

### गुजवि में 3 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एचकेआरएनएल के लिपिकीय कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 19 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र (एमएमटीटीसी) द्वारा किया गया है, जो विश्वविद्यालय में गुणवत्ता उन्नयन और क्षमता निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उद्घाटन सत्र में एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी, उप-निदेशक डॉ. हरदेव सिंह, डॉ. अनुराग सांगवान तथा कार्यक्रम समन्वयक सुनीता कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## फील्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर पब्लिक हेल्थ ब्रांच का जोरदार प्रदर्शन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच हिसार द्वारा फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कार्यकारी अभियंता, मंडल नंबर 3 के मॉडल टाऊन स्थित कार्यालय के समक्ष मंगलवार को पांचवें दिन भी सांकेतिक धरना देकर रोष प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान अशोक कुमार ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव राकेश शर्मा ने किया।

■ समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उठाया जाएगा कड़ा कदम : अशोक कुमार

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान अशोक कुमार व सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि संगठन ने लगातार फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आवाज उठा रहा है, लेकिन कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है और नकारात्मक रवैया अपनाए हुए हैं। यूनियन ने निर्णय लिया है कि यदि 18 मार्च, बुधवार तक तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो यूनियन कड़ा कदम उठाने को मजबूर होगी । धरने को जिला प्रधान ओम प्रकाश माल, जिला सचिव दीपक मेहरा, जिला चेयरमैन नरेश गौतम, जिला उप प्रधान रामू शर्मा, प्रांतीय कमेटी सदस्य दीपक शर्मा, रमेश आहूजा, पवन शर्मा, सुरेंद्र चहल,, बृजलाल, नरेश अग्रोहा, सन्नी, दीपक लोट आदि रहे।



हिसार। फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन करते पब्लिक हेल्थ कर्मचारी व धरना को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## बैठक में डीसी ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

### घाटे में चल रही पैक्स को मुनाफे में लाने के लिए करें ठोस प्रयास: डीसी

**हांसी।** जिला सचिवालय परिसर में उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित एजेंडों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।



डॉ राहुल नरवाल, डीसी, हांसी।

बैठक के संयोजक सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सत्यवान ने विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप विभिन्न एजेंडे प्रस्तुत किए। बैठक में पेटवाड़ गांव में खाद बिक्री केंद्र स्थापित करने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा भूमि आवंटन के विषय पर भी चर्चा हुई। इस संबंध में हिसार जिला केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के प्रतिनिधि ने आवश्यक जानकारी प्रस्तुत की। उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार निर्धारित मापदंडों के अनुरूप विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर विभाग को प्रस्तुत की जाए।

## पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ बैठक कर जानी जिले में क्राइम की स्थिति

■ अपराध नियंत्रण को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने मंगलवार अपने कार्यालय में जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के उद्देश्य से क्राइम समीक्षा मीटिंग का आयोजन किया। बैठक में जिले में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से विभिन्न क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के लिए सतर्कता के साथ कार्य किया जाए तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। इसके साथ ही आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई, डीएसपी रविन्द्र सांगवान तथा डीएसपी नारनौंद देवेन्द्र नैन उपस्थित रहे।



हांसी। पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते एसपी अमित यशवर्धन। फोटो : हरिभूमि

## सही उपचार लेने पर सही जीवन जी सकता है पीड़ित

### जिलेभर में वर्तमान में 4813 एचआईवी के मरीज पंजीकृत

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि वे जिले में एचआईवी से प्रभावित लोगों की पहचान कर उन्हें उपचार करने के लिए प्रोत्साहित करें। उचित इलाज से इस बीमारी से प्रभावित व्यक्ति भी सामान्य व्यक्तियों की तरह जीवन जी सकता है। वे मंगलवार को इस संबंध में बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि इस समय 4813 एचआईवी के मरीज पंजीकृत हैं, इनमें से 1147 लोगों को 2250 रुपये प्रति माह की राशि दी जा रही है। यह राशि ऐसे प्रभावित लोगों को दी जाती है जिनकी आय दो लाख रुपये से कम है। इसके अतिरिक्त इनका सिविल अस्पताल स्थित उपचार केंद्र में निशुल्क इलाज भी किया जाता है। गत वर्ष एचवाईवी प्रभावित 28 महिलाओं की डिलीवरी करवाई बैठक में बताया गया कि गत वर्ष ऐसी 28 महिलाओं की डिलीवरी करवाई गई, जो एचआईवी से प्रभावित थी। सभी बच्चे स्वस्थ पैदा हुए।

■ उपायुक्त ने ली स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक

## घाटे में चल रही पैक्स को मुनाफे में लाने के लिए

### रामलीला कमेटी का रामनवमी महोत्सव व भागवत कथा 19 से



**हिसार।** श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा 19 से 27 मार्च तक 129वां श्री रामनवमी महोत्सव व संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। देवी भवन के गोयनका सदन में प्रतिदिन दोपहर 3.15 बजे से सायं 7 बजे तक श्री धाम वृंदावन वाले श्री भावेश कृष्ण भारद्वाज श्रीराम कथा का अमृतपान करवाएंगे। 27 मार्च को प्रातः हवन के उपरांत गोयनका सदन से भव्य रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाएगी और भंडारा आयोजित किया जाएगा। श्री रामनवमी महोत्सव व श्रीराम कथा के संदर्भ में श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा अग्रसेन भवन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 129वें श्री रामनवमी महोत्सव व श्रीराम कथा की तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि श्री रामलीला कमेटी कटला का 129वां श्री रामनवमी महोत्सव ऐतिहासिक होगा और इसमें हिसार व अन्य क्षेत्रों से श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## फतेहचंद महिला महाविद्यालय में 66वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# बीए द्वितीय वर्ष की सरोज बनी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

■ विजेता खिलाड़ियों को नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त चेतल ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

फतेहचंद महिला महाविद्यालय में 66वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को समापन आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बीए द्वितीय वर्ष की सरोज रही। महाविद्यालय की योगा खिलाड़ी छात्राओं ने आकर्षक प्रदर्शन करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि शालिनी चेतल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल के अनावश्यक प्रयोग से दूर रहकर अपनी रूचि को समय दे, जो आपको उत्थान की ओर ले जाएगी है। इससे पूर्व प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार रावलवासिया ने शालिनी चेतल एवं अन्य अतिथियों का विधिवत स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रीतिपाल सर्राफ, बनारसी दास गुप्ता, सुचेता सर्राफ, दिनेश आर रावलवासिया, सविता सिंगल, मदनलाल अग्रवाल, देवेन्द्र प्रसाद जैन, निर्मल कुमार गोयल, संजय अग्रवाल, विकुल गोयल, विजय गर्ग, सतीश, प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत, जगदीश चंद्र नूनिया, करण सिंह दलाल आदि मौजूद रहे।





हिसार। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सरोज और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करती निगम की अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल।

**प्रतियोगिता के परिणाम**

लांग जम्प में बीए तृतीय वर्ष की नेहा प्रथम, पीजी डिप्लोमा योगा की सोनिका द्वितीय, बीए द्वितीय वर्ष की सरोज द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की मनीषा तृतीय स्थान पर रही। हाई जम्प में बीए तृतीय वर्ष की नेहा प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की मनीषा द्वितीय और बीए द्वितीय वर्ष की सरोज तृतीय रही। जैवलीन थ्रो में बीए तृतीय वर्ष की नेहा प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की सरोज द्वितीय और बीएससी तृतीय वर्ष की तमन्ना तृतीय रही। डिस्कस थ्रो में एमए योगा प्रथम वर्ष की मोहिनी प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की सरोज द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की कुसुम तृतीय स्थान पर रही।

## खबर संक्षेप

### 'बैंक टाई-अप' के लंबित आवेदन 25 तक निपटाएं

**हांसी।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड द्वारा संचालित बैंक टाई-अप स्कीम की समीक्षा बैठक मंगलवार उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपायुक्त डॉ. नरवाल ने बैंक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण 25 मार्च तक सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 25 मार्च से पहले अपनी-अपनी एटीआर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक में निगम की ओर से जिला प्रबंधक कुलदीप सिंह सैनी, एलडीएम हांसी विनोद कुमार सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

### हरियाणा में लोकतंत्र की जीत हुई : बजरंग गर्ग

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व



जिला शहरी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने राज्यसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कर्मवीर सिंह बौद्ध के जीतने पर खुशी जाहिर की। गर्ग ने कहा कि हरियाणा में लोकतंत्र की जीत हुई है और धन तंत्र की हार हुई जबकि भाजपा कभी भी लोकतंत्र पर विश्वास नहीं रखती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने धन और बल पर दोनों राज्यसभा सीट जीतने की कोशिश की। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने राज्यसभा की दूसरी सीट जीतने के सारे अपने ओछे हथकंडे अपनाए मगर वह विफल रही। भाजपा को लोकतंत्र में विश्वास रखते हुए दूसरा कैंडिडेट नहीं उतरना चाहिए था।

### लुवास में रमेश कुमार बने उप-अधीक्षक

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय में सहायक के पद पर कार्यरत रमेश कुमार को उप-अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। पदोन्नति के आदेश मंगलवार को को विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका के द्वारा दिए गए। इस अवसर पर लुवास गैर शिक्षक संघ के प्रधान तरूण तनेजा ने यूनियन की तरफ से इस पदोन्नति के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका का आभार व्यक्त किया।

### स्टेटिस्टिकल मैथर्ड इन रिसर्च की जानकारी दी

**हिसार।** दयानंद कॉलेज में में भूगोल विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला का समापन मंगलवार को हुआ। कार्यशाला के दूसरे दिन के मुख्य वक्ता डॉ. ललित कुमार का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने पौधा व स्मृति चिह्न प्रदान करके किया। डॉ. ललित कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, इकोनॉमिक्स डिपार्मेंट जीजेयू, हिसार ने विद्यार्थियों को स्टेटिस्टिकल मैथर्ड इन रिसर्च से संबंधित जानकारी प्रदान की। डॉ. ललित ने भूगोल शोध से संबंधित स्टैटिस्टिकल सॉफ्टवेयर जैसे कि एसपीएस स्टेटिस्टिक्स से संबंधित टूल्स की विस्तृत जानकारी दी।

### कन्या गुरुकुल घिराय की प्राचार्या सम्मानित

**हिसार।** गांव जेवरा स्थित गोशाला में आयोजित कार्यक्रम में कन्या गुरुकुल घिराय की प्राचार्या सुनीता आर्या को गोशाला प्रधान व कार्यकारिणी द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान गुरुकुल शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान के चलते प्रदान किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् धर्मेंद्र सिंह व गोशाला प्रधान वजीर फौजी आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## फरवरी 2025 में 19 तो इस बार 21 लोगों ने सड़क दुर्घटनाओं में तोड़ा दम

# इस साल फरवरी माह में हादसों का ग्राफ बढ़ा, ब्लैक स्पॉट खत्म करने के निर्देश

तेजा मार्केट के कट, भानू चौक से मय्यड़, ढंढूर फ्लाइओवर यू-टर्न व आजाद नगर की एचटीएम कॉलोनी के पास हैं ब्लैक स्पॉट

- जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का किया आयोजन
- डीसी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग को आगामी कार्रवाई के दिए निर्देश



हिसार। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी है कि सभी प्रमुख सडक़ मार्गों नियमित रूप से अवलोकन किया जाए। मंगलवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक के दौरान उन्होंने स्पीड ब्रेकर, ब्लैक स्पॉट को खत्म करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने और सडक़ किनारे ऐसे पेड़ पौधों और झाडिय़ों की कटाई-छटाई करवाने के निर्देश दिए, जो यातायात में अवरोध बन रहे हैं। उन्हें अवगत करवाया गया कि गत वर्ष के मुकाबले इस बार फरवरी के महीने में 21 लोगों की सड़क हादसों में जान गई है।

वर्ष 2025 में यह आंकड़ा 19 था। बैठक में तेजा मार्केट के कट, भानू चौक से मय्यड़, ढढूर फ्लाईओवर यू-टर्न तथा आजाद नगर स्थित एचटीएम कॉलोनी के समीप के मार्ग को ब्लैक स्पॉट के रूप में इंगित करते हुए यहां सुरक्षा उपायों के संबंध में भी चर्चा की गई, जिस पर उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग को आगामी कार्रवाई करने की हिदायत दी। बैठक में नगराधीश हरिराम, सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत, उप सिविल सर्जन डॉ तरुण सहित स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, वन, पुलिस विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

### हिट एंड रन मामलों में करें त्वरित कार्रवाई

बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल ने ओवर स्पीड, बिना हेलमेट, ट्रिपल सवारी और बिना सीट बेल्ट वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित ढाबों व होटलों के समीप यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा सडक़ों व पुलों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी। उन्होंने हिट एंड रन मामलों में त्वरित कार्रवाई करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त निर्णय लेने के निर्देश दिए।

### यातायात नियमों की पालना के लिए चालान काटकर सख्ती बरत रही हिसार-हांसी पुलिस

बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि हिसार व हांसी पुलिस द्वारा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए लगातार सख्ती बरती जा रही है। दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक की कार्रवाई के आंकड़ों के अनुसार दोनों जिलों में विभिन्न ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर हजारों चालान किए गए हैं। हांसी में दिसंबर 2025 में कुल 1556 चालान किए गए, जो जनवरी 2026 में बढक़र 4639 हो गए, जबकि फरवरी 2026 में 3347 चालान दर्ज किए गए। वहीं हिसार में दिसंबर 2025 में 8839 चालान किए गए, जो जनवरी 2026 में बढक़र 9033 और फरवरी 2026 में 9010 रहे। फरवरी 2026 में हिसार में बिना हेलमेट 804, ट्रिपल राइडिंग के 653, बिना सीट बेल्ट 176, रेड लाइट जंप के 8, ओवर स्पीड के 2127, गलत पार्किंग के 2146 चालान किए गए। इसके अलावा गलत दिशा में वाहन चलाने के 953, शराब पीकर वाहन चलाने के 117, लेन चेंज/लेन वायलेशन के 635 चालान तथा 1391 अन्य मामले दर्ज किए गए। इसी प्रकार हांसी में भी बिना हेलमेट 264, ट्रिपल राइडिंग के 91, बिना सीट बेल्ट 37, ओवर स्पीड के 330, गलत पार्किंग के 28, गलत दिशा में वाहन चलाने के 20, शराब पीकर वाहन चलाने के 10, लेन चेंज/लेन वायलेशन के 1063 चालान तथा 1504 अन्य उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई।



हिसार। विधायक सावित्री जिंदल को ज्ञापन देते नाम सिमर वेलफेयर सोसायटी के सदस्य।

## लुधियाना के लिए चलने वाली ट्रेन को अमृतसर तक बढ़ाने की मांग

### विधायक सावित्री जिंदल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नाम सिमर वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने विधायक सावित्री जिंदल को ज्ञापन देकर हिसार से लुधियाना तक चलने वाली कई ट्रेनों में से किसी एक ट्रेन का विस्तार अमृतसर रेलवे स्टेशन तक करवाने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में सोसायटी के प्रधान प्रवीन हिन्दू, जगदीश कुकड़ेजा, सतपाल मधु, बंसीधर डेयरी वाले, दिनेश, बरवाला स्टेशन कंसल्टेटिव कमेटी के सदस्य सौरभ चुघ आदि शामिल रहे। सोसायटी ने रेलवे बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा के नाम लिखे पत्र में कहा है कि हिसार से चार ट्रेन लुधियाना और एक ट्रेन धुरी के लिए चलती है। हरियाणा से अमृतसर, ब्यास, जालंधर केंट व नकोदर के लिए दिन में केवल एक ही ट्रेन चलती है, जिसमें हरियाणा, राजस्थान, पंजाब की संगत, व्यापारी वर्ग, आर्मी स्टॉफ, पारिवारिक सदस्य जिनमें बच्चे, महिलाएं भी यात्रा करते हैं। भारी भीड़ होने के कारण आम जन को व संगत को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सोसायटी ने कोई एक ट्रेन विशेषकर प्रातः 5:20 बजे वाली ट्रेन को अमृतसर तक बढ़ाने की मांग की है।

## नगर निगम ने खुले में कचरा डालने पर काटे पांच के चालान

- कचरा सेग्रीगेशन न करने पर किए 3 लोगों के चालान किए

**हिसार।** स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन की ओर से नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने और स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान किए। एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार ने खुले में कचरा डालने पर पुरानी सब्जी मंडी के एक दुकान का 5 हजार का चालान किया। वहीं एएसआई विजेता ने खुले में कचरा डालने पर राजगुरु मार्केट में 2 दुकानदारों के 5-5 हजार रुपये के चालान किए। एएसआई कपिल ने सेक्टर 13 में खुले में कचरा डालने पर एक दुकानदार का 5 हजार रुपये का चालान किया वहीं सेक्टर 13 में ही घर का कचरा सेग्रीगेशन न करने पर 3 चालान 200-200 रुपये के किए। इसके अलावा एएसआई सन्नी ने खुले में कचरा डालने अर्बन एस्टेट-2 में एक दुकानदार का 5 हजार रुपये का चालान किया।

ज्यादा भीड़ से हो रही परेशानियों से गुस्साए छात्र

## सुलखनी में विद्यार्थियों ने रोडवेज बस को रोककर जताया विरोध



बरवाला। गांव सुलखनी में विद्यार्थी रोडवेज बस को रोककर विरोध जताते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**बरवाला।** गांव सुलखनी में स्कूल और कॉलेज के गुस्साए विद्यार्थियों ने मंगलवार सुबह सवा आठ बजे रोडवेज बस को रोककर विरोध जताया। विद्यार्थियों का आरोप है कि सुबह के समय बस में अत्यधिक भीड़ होती है, जिससे उन्हें आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को लेकर विद्यार्थियों ने बस को कुछ देर के लिए रोक दिया। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें विद्यार्थी बस के सामने खड़े होकर अपनी नाराजगी जताते दिखाई दे रहे हैं। इन विद्यार्थियों का कहना है कि यदि बसों की संख्या बढ़ाई जाए या अतिरिक्त बस चलाई जाए तो उन्हें राहत मिल सकती है। गांव सुलखनी के गणमान्य लोगों ने भी विद्यार्थियों की इस समस्या को जायज बताते हुए प्रशासन से समाधान की मांग की है।

### बाजारों व मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को अभियान की शुरूआत रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाकर की गई। इसके बाद लोकल बस स्टैण्ड से ऋषि नगर रोड से अतिक्रमण हटाया गया।

इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट से अतिक्रमण हटवाते समय एक दुकानदार का स्टैड़ भी जब्त किया। इसके साथ ही बिश्नोई मंदिर मार्केट से 2 रेहड़ी भी जब्त की गई। इसके बाद बिश्नोई मंदिर मार्केट, सुभाष मार्केट, पुल तेलियान, बालाजी मार्केट, पूजा मार्केट से अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए टीम ने बडवाली ढ़ाणी से सड़क पर कार्रवाई करते हुए सड़क से अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही टीम ने मार्केटों में दुकानदारों को सामान अपनी परिधि में रखने की अपील भी की।

## नशे की टोह में पुलिस की राजथल में दबिश

**नारनौंद।** थाना नारनौंद पुलिस, नशा मुक्ति टीम व डॉग स्क्वॉड (डॉग यूनिट) ने संयुक्त रूप से गांव राजथल में विशेष अभियान चलाते हुए संदिग्ध स्थानों पर गहन सर्च अभियान चलाया। लेकिन कोई भी नशीला पदार्थ मौके पर नहीं मिला पुलिस ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी युवक के पास नशीला पदार्थ मिला तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीमों द्वारा गांव राजथल के विभिन्न स्थानों, सुनसान क्षेत्रों, खाली पड़े प्लॉटों, झाड़ियों तथा अन्य संभावित जगहों पर बारीकी से तलाशी अभियान चलाया गया। नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके। अभियान के दौरान डॉग स्क्वॉड की सहायता से भी विभिन्न स्थानों की जांच की



गई और पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। इस प्रकार के विशेष अभियान चलाकर पुलिस द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और नशे के खिलाफ सख्त संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है।

### जिले में गेहूं फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध, धारा 163 लागू की

**हिसार।** जिलाधीश महेंद्र पाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत खेतों में गेहूं के फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन आदेशों की अवहेलना करने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 223 व वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम, 1981 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।जिलाधीश ने बताया कि जिले में गेहूं फसल कटाई का कार्य आरंभ होने जा रहा है। कटाई उपरांत अनेक किसान खेतों में बचे हुए फसल अवशेषों को आग लगा देते हैं जिससे वायु प्रदूषण होता है, इसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आगजनी की घटनाओं से संपति तथा मानवीय जीवन की क्षति के साथ-साथ मवेशियों को चारे की कमी, भूमि की उपजाऊ शक्ति का क्षय तथा सूक्ष्म जीवों को हानि हो जाती है। अनेक बार जान-माल की क्षति भी होती है।

## गैस एजेंसियों के बाहर लगीं लोगों की लंबी कतारें

# कम नहीं हो रही गैस सिलेंडरों की मारामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर जिलेभर में मची मारामारी कम नहीं हो रही है। सुबह ही एजेंसियों के बाहर गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लाइन लग जाती है। गैस बुकिंग का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। अमेरिका-इजरायल का ईरान के साथ युद्ध शुरू होने से पहले तक बुकिंग का रोजाना आंकड़ा करीब 25 हजार का रहता था, अब यह 65 हजार के पार चल रहा है।

उधर, कमर्शियल सिलेंडर देने के लिए डीसी की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी को लेकर मंगलवार को एसडीएम ज्योति मित्तल ने मीटिंग ली। मीटिंग में कमर्शियल सिलेंडर कब से दिए जाएंगे, इस पर अंतिम फैसला नहीं हो सका। बता दें कि सरकार ने स्कूल, छात्रावास, अस्पताल, सेना तथा लड़की की शादी वाले परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के आदेश दिए हुए हैं। सूत्रों के अनुसार कमेटी के पास लड़कियों की शादी के लिए गैस सिलेंडर की डिमांड के लिए शादी के कार्ड के साथ 15 आवेदन आए हैं। फिलहाल उन्हें सिलेंडर कब मिलेंगे, यह भी मीटिंग में तय नहीं हो पाया। इसी बीच कमेटी ने सीएमओ तथा डीईओ से अस्पतालों तथा स्कूलों के लिए गैस सिलेंडर की डिमांड मांगी है।

### आमजन परेशान

इनेलो के पूर्व जिला प्रवक्ता रमेश चुघ ने कहा कि एलपीजी की किल्लत से आमजन परेशान है। गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं। कई-कई घंटे इंतजार के बावजूद को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ दावा कर रही है कि प्रदेश में गैस की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। चुघ ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह तुरंत इस समस्या का समाधान करे और गैस की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करे, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप



### खेलों में गुजवि के भौतिकी विभाग ने लहराया परचम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता में भौतिकी विभाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में भौतिकी विभाग के खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की और समग्र रूप से विभाग की खेल प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों को विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में भौतिकी विभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं पुरुष वर्ग में विभाग ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। एथलेटिक्स स्पर्धाओं में विभाग की छात्रा ऋषिका ने असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर राजेंद्र कुंडू ने विजेता खिलाड़ियों और पूरी टीम को बधाई दी।



### हकृवि में दिया बौद्धिक संपदा अधिकार का प्रशिक्षण

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शोधार्थियों के लिए पांच दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शोधार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान तथा मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय के अंतर्गत स्थापित आईपीआर सेल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। विश्वविद्यालय में नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार यादव ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शोधार्थियों को पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क तथा तकनीकी हस्तांतरण की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सतीश कुमार मेहता एवं डॉ. जितेंद्र कुमार भाटिया, डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. सीमा परमार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय की आईपीआर शाखा के विशेषज्ञ डॉ राहुल तनेजा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. डीके शर्मा, डॉ. अक्षय भुक्कर, डॉ. योगेश जिंदल आदि मौजूद थे।



### विद्यार्थी जीवन में मानसिक तनाव बड़ी समस्या : डॉ. बहमनी

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की एंटी रैगिंग एवं साइकोलॉजिकल काउंसलिंग सेल के तत्वावधान में मानसिक स्वच्छता विषय पर व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ सुरेन्द्र मलिक ने बताया कि सत्र में संबंध मनोवैज्ञानिक एवं जिला न्यायालय में परिवार परामर्शदाता डॉ सुमन बहमनी ने वक्ता के तौर पर शिरकत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने मुख्य वक्ता का विधिवत स्वागत किया। प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ सुमन बहमनी ने कहा कि विद्यार्थी एवं पेशेवर जीवन में मानसिक तनाव एक बड़ी समस्या है जिसके लिए मनुष्य को वर्तमान में जीने की कला सीखनी चाहिए। इस संदर्भ में उन्होंने मानसिक समस्याओं से उभरने के लिए कई विधि बताई। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य खुद के लिए खुद को बेहतर बनाना है। व्याख्यान सत्र का आयोजन डॉ राकेश, डॉ संदीप कुमार, डॉ नेहा डांगी तथा डॉ मोनिका के मार्गदर्शन में हुआ।



### कार्यशालाएं विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल के विकास में अत्यंत सहायक : विवेक कुमार

**हिसार।** आज के दौर में बदलती तकनीक को साझा करने एवं विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशल प्रदान के लिए गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में एक सप्ताह की कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन हिसार के हारट्रोन एडवांस स्किल सेंटर, कंप्यूटर विज्ञान विभाग तथा राजकीय महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशल से परिचय करवाते हुए पाइथन प्रोग्रामिंग एवं कैनवा के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला के उदघाटन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में सुशील कुमार बिश्नोई उपस्थित रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य विवेक कुमार सैनी ने की। प्राचार्य विवेक कुमार सैनी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों के ज्ञान एवं कौशल को विकसित करने में अत्यंत सहायक होती हैं। इस अवसर पर उप प्राचार्य राजेंद्र सेवदा, सतीश वर्मा, भारत भूषण, प्रवीण बिश्नोई, श्वेता, रजनी, सत्येंद्र, कुलविंदर सिंह, राजपाल, गोविल जिंदल डॉ. मुकेश कुमार, अंजू तथा सोनू आदि मौजूद थे।



### सरकारी स्कूल में अध्यापकों ने किया पौधरोपण

**नारनौंद।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मसूदपुर के प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम चलाकर सैकड़ों फलदार और फूलदार पौधे लगाए गए। वही छात्रों ने शपथ लेते हुए कहा कि वह अपने जीवन में प्रत्येक वर्ष पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभार जसवंत सिंह ने पौधों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पौधे मनुष्य और अन्य जीवों को ऑक्सीजन देकर जीवन प्रदान करते हैं। आज काफी लोग धरती पर उगे हुए पेड़ों को काटने का काम कर रहे हैं यह प्रकृति के लिए गलत है हमें धरती पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए ताकि हमें स्वच्छ हवा और वातावरण मिल सके। इस अवसर पर बलराज सिंह, देवेंद्र मलिक, सत्येन्द्र, सतीश दलाल, अर्चना, डॉ. संगीता, कविता, पूनम, मनीषा, शशि बाला, मोनिया और रेनू मौजूद थी।